### बानापुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर....

# अप-डाउनर्स संघ ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

जिला नर्मदापुरम की तहसील सिवनी मालवा की उपनगरी बानापुरा में रेलवे सुविधाओं और यात्री समस्याओं को लेकर अप-डाउनर्स संघ ने रेलवे मंडल प्रबंधक (डीआरएम) भोपाल के नाम रेलवे प्रबंधक सियाराम कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आमजन, व्यापारी, वार्डवासी, दैनिक यात्रियों सहित अप-डाउनर्स संघ के सदस्य शामिल हुए। संघ ने बानापुरा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज, समय में सुधार सहित 10 सूत्रीय मांगें रेलवे प्रशासन के समक्ष रखीं। संघ का कहना है कि स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेनों के ठहराव नहीं होने और ट्रेनों के समय में बदलाव के कारण यात्रियों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**लोकमान्य तिलक जनता एक्सप्रेस का समय पूर्ववत करने की मांग–** अप-डाउनर्स संघ ने गाड़ी नंबर 13202 मुंबई लोकमान्य तिलक जनता एक्सप्रेस के समय में सुधार की मांग की है। संघ के अनुसार कोरोना काल से पहले यह ट्रेन बानापुरा स्टेशन पर लगभग रात्रि 10:35 बजे आती थी, लेकिन वर्तमान में इसका समय करीब रात्रि 2:30 बजे कर दिया गया है। देर रात ट्रेन होने से महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को आने-जाने में असुविधा के साथ सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। संघ ने ट्रेन का पूर्व निर्धारित समय पुनः लागू करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कामायनी एक्सप्रेस, ताप्तीगंगा एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस और तुलसी एक्सप्रेस का बानापुरा स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की। इसके साथ ही नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को पुनः शुरू करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

संघ ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों, पिंडदान तथा अन्य धार्मिक कार्यों के लिए यात्रा करते हैं। ऐसे यात्रियों की सुविधा के लिए बानापुरा स्टेशन पर कम से कम एक-दो ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में रैक प्वाइंट पर मालगाड़ी खड़ी रहने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में होने वाली परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की।

वहीं प्लेटफॉर्म पर लगी कोच नंबर एलईडी डिस्प्ले व्यवस्था चालू नहीं होने से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए आगे-पीछे भागना पड़ता है। इससे दुर्घटना और चोट लगने की आशंका बनी रहती है। संघ ने एलईडी डिस्प्ले को शीघ्र चालू करने की मांग की।

**रेलवे थाना पुनः शुरू करने की मांग**

अप-डाउनर्स संघ ने बानापुरा रेलवे स्टेशन पर पूर्व में संचालित जीआरपी एवं आरपीएफ थाना व्यवस्था को पुनः शुरू करने की मांग भी रखी। संघ का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से यात्रियों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। इसके अलावा भोपाल की ओर प्रतिदिन आवागमन करने वाले छात्र-छात्राओं, युवाओं, व्यापारियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए बानापुरा स्टेशन पर मेमो ट्रेन का स्टॉपेज देने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय शहीद खान मसूरी, धनंजय सिंह बैरागी, आशीष कलोशिया, अशिक खान, पप्पू, सन्नी, शुभ दुबे, अरुण कश्यप सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं अप-डाउनर्स मौजूद रहे। संघ ने रेलवे प्रशासन से सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

# सिवनी मालवा पहुंचे जीतू सरकार पर साधा निशाना

### आदिवासियों के मुद्दों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने घेरा

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार को लोधा-लौवंशी समाज की धर्मशाला में आयोजित निजी कार्यक्रम में शामिल होने सिवनी मालवा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों, युवाओं, दलितों और आदिवासियों के मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि सरकार के भाषणों में कही गई बातें सुनने में अच्छी लगती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब जनता के सामने है। उन्होंने एमएसपी और खाद की कीमतों को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और खेती के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के मामले में सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

मूंग की फसल को लेकर किसानों द्वारा किए गए आंदोलन का जिक्र करते हुए पटवारी ने कहा कि किसानों की यह लड़ाई सिवनी मालवा से ही शुरू हुई थी। किसानों के आंदोलन और दबाव के बाद ही सरकार को कुछ कदम उठाने पड़े। उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार आवाज उठाते रहने की बात कही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर को लेकर पटवारी ने कहा, 'एफआईआर तो कार्यकर्ताओं का गहना है। सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर जितना अत्याचार करेगी, उसके गिरने की स्थिति उतनी ही जल्दी बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपना नैतिक दायित्व खो चुकी है। पटवारी ने कहा कि आदिवासी, दलित, किसान और युवा सहित विभिन्न वर्गों का सरकार से भरोसा टूटता जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर दलित और आदिवासी समाज का विश्वास खोने का भी आरोप लगाया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात के बाद जीतू पटवारी हरदा विधायक रामकिशोर दोगने के गृह ग्राम कोठरा के लिए रवाना हो गए।

# सूने मकान में चोरी का खुलासा, तीन को किया अरेस्ट

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

थाना कोतवाली नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सूने मकान में हुई चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 30.08.2026 को फरियादिया उमा गौरेले पति प्रदीप गौरेले, उम्र 47 वर्ष, निवासी जय स्तंभ चौक के पास नर्मदापुरम द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रामजानकी मंदिर के पास जुमेराती स्थित उनके पुराने मकान, जिसमें वर्तमान में कोई निवास नहीं करता है, से अज्ञात चोर द्वारा टिल्लू पंप की मोटर, 01 HP की मोटर, अन्य मोटर, दो कटर एवं अन्य घरेलू सामान सहित करीब 20,000 रुपये का सामान चोरी कर लिया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली नर्मदापुरम में अप. क्र. 806/26, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए घटना के संबंध में संदिग्धों की जानकारी एकत्रित कर चोरी की वारदात में संलिप्त 03 आरोपियों को ज्ञात कर गिरफ्तार किया गया भूपेन्द्र पिता प्रवीण वानखेड़े, उम्र 18 वर्ष, मोनू पिता छोटेलाल जाटव, उम्र 20 वर्ष, कृष्णा पिता घासीराम जाटव, उम्र 19 वर्ष, तीनों आरोपी बसंत टॉकीज के पास, जुमेराती, नर्मदापुरम के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी गए सामान एवं घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। थाना कोतवाली नर्मदापुरम पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सूने मकान में हुई चोरी का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।



# डीपीसी ने पतलई एवं एसपीएम स्कूलों का किया निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) डॉ. राजेश जायसवाल ने नर्मदापुरम विकासखंड अंतर्गत पतलई एवं एसपीएम स्कूलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से आत्मीय एवं प्रेमपूर्ण संवाद किया तथा उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता की परख की। पतलई स्कूल में डीपीसी डॉ. जायसवाल ने विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तकों से पाठ पढ़वाकर उनकी पढ़ने की क्षमता एवं समझ का परीक्षण किया। विद्यार्थियों ने पाठ्य पुस्तकों में से धाराप्रवाह पाठ पढ़कर सुनाया। साथ ही डीपीसी ने बच्चों से अंग्रेजी भाषा में बातचीत कर उनके अंग्रेजी विषय के ज्ञान एवं संवाद कौशल का भी आकलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए नियमित अध्ययन करने तथा अपनी शैक्षणिक क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डीपीसी डॉ. जायसवाल ने प्रधान पाठक एवं शिक्षिका श्रीमती द्रोपती के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए।



# श्री निर्विकारेश्वर आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का समापन



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर**

पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री निर्विकारेश्वर आश्रम, समनापुर में आयोजित एक माह की संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन अत्यंत भव्य और भक्तिमय वातावरण में हुआ। पूरे मास आश्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से संपूर्ण क्षेत्र 'हरि ओम' और 'जय श्री कृष्णा' के जयकारों से गुंजायमान रहा। कथा के अंतिम दिवस परम पूज्य वैदेही किशोरी जी ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य बाल-लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा और मधुर रासलीला के प्रसंगों का अत्यंत रसमयी वर्णन किया। पूज्य किशोरी जी ने कहा कि भगवान की बाल-लीलाएं केवल मनमोहक दृश्य नहीं हैं, बल्कि वे जीव और ईश्वर के निश्छल प्रेम का प्रतीक हैं। जब-जब भक्त निष्काम भाव से प्रभु को पुकारता है, तब-तब भगवान उसकी रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। रासलीला और गोवर्धन पूजा के प्रसंग के दौरान आश्रम प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का संदेश भी दिया। कथा विश्राम के पश्चात आश्रम में हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आश्रम व समस्त ग्रामवासीयों एवं आयोजकों ने पूरे मास सहयोग देने वाले सभी भक्तों व सेवादारों का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने हत्या के आरोपियों का`अरेस्ट कर किया इलाज

**पीपुल्स प्रवक्ता, उज्जैन**

उज्जैन के दमदमा क्षेत्र में ट्रैक्टर एजेंसी संचालक की हत्या करने वाले तीन आरोपियों आयुष उर्फ संटू, आकाश रायकवार और आयुष शर्मा का पुलिस ने रविवार दोपहर जुलूस निकाला। माधव नगर थाना पुलिस तीनों आरोपियों को घटनास्थल पर लेकर पहुंची। यहां से तरणताल तक पुलिस ने आरोपियों की जमकर पिटाई की। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी कान पकड़कर और हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। इससे पहले शनिवार को भी पुलिस ने चार आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें सबक सिखाया था। ऋषि नगर एक्सटेंशन निवासी यश पिता विजय नारायण मित्तल (27) चिमनगंज मंडी में ट्रैक्टर शोरूम संचालित करता था। यश अपने दोस्तों के साथ कार से जा रहा था। इसी दौरान दमदमा मोड़ के पास आयुष शर्मा, विजय सिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, आकाश, करण, सागर और शेंटू कुछ युवक गाड़ी लेकर खड़े थे। यश और उसके दोस्तों ने रास्ते से हटने के लिए हॉर्न बजाया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवकों ने यश और उसके दोस्तों अभय व्यास व मंगल पर हमला कर दिया। हमले में यश की मौत हो गई थी।

# अस्पताल में हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से किया रेप

### इंदौर में गर्दन पर चाकू रखा, जमीन पर पटका, बोला– किसी को बताया तो मार डालूंगा

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से रेप किया। गर्दन पर चाकू रखकर धमकाया। आरोपी बोला- अगर किसी को बताया तो पहले तुझे, फिर तेरे परिवार को मार डालूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोहेल आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है। पीड़िता भी उसी के साथ काम करती है। आरोपी ने शनिवार को वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद से फरार है। 28 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक, आरोपी सोहेल पिछले कई दिनों से उसे धमकाकर जबरदस्ती करने का दबाव बना रहा था। सोहेल उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था, लेकिन डर की वजह से वह किसी से कुछ नहीं कह रही थी। पीड़िता के मुताबिक, 29 अगस्त की सुबह वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। इसी दौरान सोहेल ने उसे ऊपर की मंजिल पर विजिट के लिए साथ चलने को कहा।

महिला ने जाने से मना कर दिया। इस दौरान सोहेल ने उससे कहा कि वह उसके साथ कई साल से काम कर रही है, फिर भी उस पर भरोसा नहीं करती। महिला को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी। इससे वह डर गई और आरोपी के साथ ऊपर चली गई। महिला ने पुलिस को बताया कि ऊपर की मंजिल पर पहुंचने के बाद सोहेल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद उसने महिला का मुंह दबाया और जमीन पर पटक दिया। सोहेल ने जेब से चाकू निकाला और उसकी गर्दन पर रख दिया। महिला के मुताबिक, इसके बाद चाकू दिखाकर उसे धमकाया और रेप किया। आरोपी ने धमकी भी दी। आरोपी की धमकी से वह बुरी तरह डर गई थी। इसी वजह से वह उसका विरोध नहीं कर सकी। महिला के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी मौके से चला गया। उसने अपने परिजन को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन उसके साथ थाने पहुंचे। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात आरोपी सोहेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**इंदौर पुलिस ने बताया:** आरोपी के खिलाफ एफआईआर हो गई है। पुलिस महिला के लगाए आरोपों की जांच करने के साथ घटनास्थल और मामले से जुड़े अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाइजीरियन महिला 57 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर**

इंदौर की चंदन नगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में नाइजीरियन मूल की एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला मुंबई से बस के जरिए इंदौर आई थी और यहां मादक पदार्थ की डिलीवरी देने वाली थी। पुलिस ने पहले से मिली सूचना के आधार पर उस पर नजर रखी और शनिवार को चंदन नगर इलाके में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से 57 ग्राम से ज्यादा एमडी बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल की टीम को सूचना मिली थी कि मुंबई से जोया नाम की नाइजीरियन महिला इंदौर आकर कोकीन और अन्य मादक पदार्थों की डिलीवरी करती है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने महिला की गतिविधियों और इंदौर आने-जाने की जानकारी जुटाना शुरू किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि राखी के अगले दिन जोया मुंबई से इंदौर आ सकती है। इसके बाद टीम ने मुंबई से इंदौर आने वाली बसों पर नजर रखना शुरू कर दिया।

# युवक ने फांसी लगाई, वीडियो-सुसाइड नोट में दो पर आरोप

### नरसिंहपुर के पाठक वार्ड में घटना, लिखा इन्हें भी फांसी की सजा दो

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

नरसिंहपुर शहर के पाठक वार्ड में रविवार शाम करीब सात बजे प्यारे लाल कुशवाहा नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले बनाए गए एक वीडियो और सुसाइड नोट में उसने रवि और अमित नामक दो व्यक्तियों पर आरोप लगाए हैं।

यह घटना तब सामने आई जब प्यारे लाल के भाई माखन लाल ने घर का दरवाजा बंद देखा। संदेह होने पर पड़ताल की गई तो प्यारे लाल फांसी पर लटका मिला। सूचना मिलने पर डायल-112 की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्यारे लाल ने आरोप लगाया है कि रवि और अमित ने मिलकर उसका घर और परिवार बर्बाद कर दिया, जिससे उसके बच्चे अनाथ हो गए। उसने दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक ने यह भी बताया कि बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में सुरक्षित है। सुसाइड नोट में उसने अपनी संपत्ति, घर, नकदी और गहनों पर अपने बच्चों सक्षम और भूमि का हक बताया है।

**मोबाइल को कब्जे में लिया–** कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे ने बताया कि प्यारे लाल कुशवाहा द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वीडियो, सुसाइड नोट और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।

# उज्जैन के हनुमान मंदिर शिफ्टिंग का विरोध

### बजरंग दल ने प्रदर्शन किया, प्रशासन के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त

**पीपुल्स प्रवक्ता, उज्जैन**

उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर को शिफ्ट करने के विरोध में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। यह विरोध तब शुरू हुआ जब प्रशासनिक टीम मंदिर को हटाने के लिए मौके पर पहुंची। वीएचपी बजरंग दल के जिला धर्म प्रसार प्रमुख शैलू यादव ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे मंदिर के पुजारी को नगर निगम कर्मचारी का फोन आया था। उन्हें सूचित किया गया कि रविवार सुबह 9 बजे मंदिर की मूर्ति हटाई जाएगी।



संगठन का आरोप है कि प्रतिमा को विधि-विधान से अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए दो दिन बाद का मुहूर्त तय था, जिसकी जानकारी प्रशासन को भी दी गई थी। इसके बावजूद सुबह जेसीबी और डंपर मौके पर पहुंच गए। प्रशासनिक टीम के पहुंचने के बाद वीएचपी बजरंग दल और सर्व समाज के लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने धरना दिया और शहर के प्रमुख मार्गों जैसे आगर रोड, इंदौर रोड, मक्सी रोड और कनीपुरा रोड पर कुछ समय के लिए चक्काजाम भी किया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मंदिर के संबंध में स्पष्ट निर्णय लेने और सभी पक्षों को विश्वास में लेने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई में किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रशासन के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

# बच्चों के बीच पहुंचे सीईओ, कक्षा में बैठकर सुना पाठ

### प्रिंस-ऋषभ और रुबी-शिवा के धाराप्रवाह पठन पर बोले-'शाबाश'

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने शनिवार को एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला खमतरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी शैक्षणिक दक्षता को भी परखा। सीईओ ने कक्षा में बच्चों के साथ बैठकर न केवल उनका पाठ सुना, बल्कि सहज संवाद करते हुए पढ़ाई से जुड़े सवाल भी किए। कक्षा शिक्षण के दौरान सीईओ श्री नागेश ने कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी प्रिंस मेहरा और ऋषभ यादव तथा कक्षा चौथी की छात्राएं रूबी यादव एवं शिवा विश्वकर्मा से पाठ का वाचन करवाया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ धाराप्रवाह पाठ पढ़कर सुनाया। बच्चों की पठन क्षमता और आत्मविश्वास से प्रभावित होकर सीईओ ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा–'शाबाश!'




उन्होंने बच्चों की सराहना की और इसी तरह नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीईओ ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और कक्षा में होने वाली गतिविधियों के संबंध में बातचीत की। बच्चों के साथ उनका सहज एवं आत्मीय संवाद देखकर विद्यालय का वातावरण भी उत्साहपूर्ण हो गया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बनाया जाए।

**शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का लिया जायजा–** निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षा शिक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में संचालित शिक्षण कार्य की जानकारी ली और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने भी विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों का उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर सुनिश्चित करने के साथ विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं होना चाहिए।

प्रत्येक बच्चे के शैक्षणिक, रचनात्मक एवं समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों में पढ़ने, समझने, अभिव्यक्त करने और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, जिला परियोजना महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा सहित जनशिक्षक आरपी शर्मा एवं संजय मेहरा उपस्थित रहे।